दैनिक भास्कर इंदौर, मंगलवार, 26 जुलाई, 201

इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस का उपयोग करते समय सुरक्षा का ध्यान रखें : एडीजी कपूर

भास्कर संवाददाता| इंदौर

इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस का उपयोग करते समय हमेशा अपने मस्तिष्क में सुरक्षा की बातों को बनाए रखें। सायबर दुनिया के मायाजाल में काल्पनिक चीजों के पीछे भागने की अपेक्षा मेहनत कर अपनी मंजिल प्राप्त करें। वर्तमान में नागरिकों को नए नए सायबर अपराधों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल पर व इंटरनेट का उपयोग करते समय कई प्रलोभनों के मैसेज आते हैं जिनसे बचना चाहिए। सायबर अपराधों से बचने का सबसे सशक्त माध्यम है जागरूकता।



कार्यशाला में स्कूली छात्र-छात्राओं को जानकारी देते एडीजी वरुण कपूर।

ये बात एडीजी नारकोटिक्स वरुण कपूर ने सायबर जागरुकता अभियान के तहत एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल आयोजित 159 वीं कार्यशाला में में छात्रों से कही। इसमें 1153 छात्र-छात्राओं एवं फेकल्टीज ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व मोबाइल, इंटरनेट के माध्यम से आपस में एक हो गया है। इंटरनेट का उपयोग सामान्य बात है, लेकिन सबसे तेज बढ़ने वाला अपराध सायबर अपराध है। आधुनिक टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल सुरक्षित तरीके से करते हुए अपने लाभ के लिए करें न कि दूसरों को नुकसान पहुंचाने में। युवा सोच समझकर ही फेसबुक पर दोस्त बनाएं। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस का उपयोग करते समय हमेशा अपने मस्तिष्क में सुरक्षा की बातों को बनाए रखें। छात्रों ने प्रश्न भी पूछे जिनका समाधान कपूर ने सहजता से किया। एसपी पीआरटीएस सुदीप गोयनका ने छोटे टिप्स बताए ताकि सायबर स्पेस का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सके। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी काव्या श्रीवास्तव एवं शांतनु मिश्रा को प्रमाणपत्र व गोल्डन बैज से सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक एमएस भदौरिया तथा अन्य स्टाफ उपस्थित था।